# पंद्रह दिनों में 100 से अधिक हाथभट्टियों पर कार्रवाई!

## अवैध शराब निर्माण और बिक्री केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई के आदेश



प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

**अमरावती.** पुणे में जहरीली शराब कांड में 16 लोगों की मौत के बाद राज्यभर में अवैध शराब की बिक्री और निर्माण केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं. इसके तहत ग्रामीण पुलिस ने हाथभट्टी शराब के खिलाफ अभियान शुरू किया है. हालांकि, जिन राज्य उत्पादन शुल्क विभाग के पास इस कार्रवाई की मुख्य जिम्मेदारी है, वह अब भी निष्क्रिय नजर आ रहा है.



निकेतन कदम

दूसरी ओर पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद अमरावती ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक निकेतन कदम ने अधीनस्थ अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए. आदेश के अनुसार जिले के 31 पुलिस थानों की सीमा



में पिछले 15 दिनों के दौरान 100 से अधिक हाथभट्टियां नष्ट की गईं. चांदूर रेलवे, वरुड, मोर्शी, शेंदुरजनाघाट सहित स्थानीय अपराध शाखा ने प्रभावी कार्रवाई की.विशेष बात यह है कि चांदूर रेलवे पुलिस थाना क्षेत्र में देशी हाथभट्टी की शराब पीने से तीन-चार लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए थे. छापेमारी के बाद यह मामला सामने आया था. ग्रामीण पुलिस ने मध्यप्रदेश सीमा के पास संचालित हो रही हाथभट्टियों को भी नष्ट किया. लेकिन इस दौरान राज्य उत्पादन शुल्क विभाग की कार्रवाई गिनती की ही रही.

**कहीं खेतों में, तो कहीं घरों में बन रही शराब**

कई स्थानों पर खेतों में फसलों की आड़ में, तो कुछ जगहों पर सीधे आवासीय मकानों में ही शराब तैयार की जा रही है.

**पुणे की घटना के बाद जिलेभर में कार्रवाई**

पुणे की भयावह घटना के बाद जिला पुलिस प्रशासन और राज्य उत्पादन शुल्क विभाग अलर्ट मोड पर आ गए हैं.

**पंद्रह दिनों में तेज हुई कार्रवाई**

सिर्फ 15 दिनों में 100 से अधिक स्थानों पर छापेमारी कर सख्त कार्रवाई की गई है.

**जहरीले रसायनों का इस्तेमाल**

शराब का नशा अधिक बढ़ाने के लिए शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक विभिन्न जहरीले रसायनों का उपयोग किया जा रहा है.

**मजदूर वर्ग में अधिक प्रचलन**

हाथभट्टी की यह शराब बेहद सस्ती होने के कारण हमाल, निर्माण कार्य और अन्य मेहनत-मजदूरी करने वाले श्रमिक वर्ग में इसका सेवन सबसे अधिक देखा जाता है.

**शिकायत कहां करें?**

यदि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री, परिवहन या हाथभट्टी संचालित होती दिखाई दे, तो नागरिक सीधे राज्य उत्पादन शुल्क विभाग अथवा स्थानीय पुलिस थाने से संपर्क कर इसकी शिकायत कर सकते हैं.

# एक्साइज के जवान चेक पोस्ट पर तैनात

## तीन कर्मचारियों का जिले से बाहर तबादला

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

**अमरावती.** राज्य उत्पादन शुल्क विभाग कार्यालय में कार्यरत तीन कर्मचारियों का प्रशासनिक कारणों से जिले से बाहर तबादला किया गया है. बताया जा रहा है कि राज्य में इस प्रकार की यह पहली कार्रवाई है. इस संबंध में राज्य उत्पादन शुल्क आयुक्तालय (मुंबई) ने आदेश जारी किए हैं.

आदेश के अनुसार, अधीक्षक राज्य उत्पादन शुल्क कार्यालय, में कार्यरत जवान दिनकर तुकाराम तिडके का तबादला लातूर, जवान एवं वाहन चालक राहुल चंपालाल जयसवाल का परभणी तथा जवान एवं वाहन चालक रूपेश प्रभाकर मोकलकर का जालना में किया गया है.विभागीय नागरी सेवा मंडल की सिफारिशों के आधार पर आयुक्त ने यह आदेश जारी किए हैं. स्थानांतरित कर्मचारियों को तत्काल नई पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं.




> कई वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत तीन कर्मचारियों का जिले से बाहर तबादला किया गया है. उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की गई है. इसके अलावा जवान संदीप पेठारकर की चेक पोस्ट पर नियुक्ति की गई है.
> **– शशिकांत गर्जे, अधीक्षक**

पदग्रहण की निर्धारित अवधि समाप्त होने से पहले यदि वे नई जगह पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि तबादला आदेश रद्द कराने अथवा उसमें बदलाव करवाने के लिए किसी प्रकार का दबाव बनाने का प्रयास किया गया, तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ महाराष्ट्र नागरी सेवा नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी. इस कार्रवाई के बाद विभाग में अन्य कर्मचारियों के बीच भी खलबली मच गई है.

**अधीक्षक ने की जांच**

एक ही स्थान पर लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों की अधीक्षक शशिकांत गर्जे ने जांच की थी. जांच में यह आरोप सामने आया कि प्रस्तावित छापेमारी की जानकारी पहले ही संबंधित लोगों तक पहुंचाई जाती थी.रिश्वतखोरी तथा अवैध कारोबारियों से वसूली जैसे मामलों का भी उल्लेख अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में किया है.



# केदारनाथ धाम में शिवभक्तों की आध्यात्मिक यात्रा

## दोस्ती, श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम, बाबा केदार के दरबार में पहुंचे श्रद्धालु

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

**अमरावती.** शहर के स्थानीय शिवभक्त इन दिनों उत्तराखंड स्थित पवित्र केदारनाथ धाम की यात्रा पर हैं. हिमालय की मनमोहक वादियों के बीच भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर श्रद्धालु आध्यात्मिक आनंद का अनुभव कर रहे हैं. इस यात्रा में भक्ति के साथ-साथ मित्रता का भी अनूठा संगम देखने को मिल रहा है.

भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक माने जाने वाले केदारनाथ धाम में दर्शन के लिए हर वर्ष देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं. उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में स्थित यह तीर्थस्थल हिंदू आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है. केदारनाथ यात्रा सामान्यतः हरिद्वार, ऋषिकेश अथवा देहरादून से प्रारंभ होती है. अमरावती से रवाना हुए श्रद्धालुओं के इस जत्थे में शहर पुलिस विभाग के अशोक वाटाणे, विक्रम देशमुख, मंगेश बोरकर, निलेश जुनघरे, मंगेश लोखंडे, आशीष ठाकरे, सचिन गौरखेडे, चेतन बंदीवान, शुभम कुरळकर और धैर्यशील कुर्हेकर शामिल हैं. वहीं इस यात्रा में मार्गदर्शक के रूप में संपादक सुहास जोशी भी साथ हैं. श्रद्धालुओं का यह दल अमरावती से नागपुर पहुंचा और वहां से हवाई मार्ग द्वारा केदारनाथ धाम रवाना हुआ. वर्तमान में सभी श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर धार्मिक-आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं.

**मौसम बना आकर्षण का केंद्र :** विदित हो कि मई और जून माह के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ पहुंचते हैं. इस समय वहां का मौसम बेहद सुहावना और मनोहारी रहता है. सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं. पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे अमरावती के श्रद्धालु प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बाबा केदार के दिव्य दर्शन का लाभ उठा रहे हैं.केदारनाथ धाम की यात्रा को चारधाम यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है. श्रद्धालुओं का कहना है कि इस यात्रा ने उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ जीवन में नई सकारात्मकता भी प्रदान की है.

# उद्यमी रुहाटिया बने महाराष्ट्र चेंबर के उपाध्यक्ष

## 100 साल में पहली बार विदर्भ को मिला पद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद चयन की आज घोषणा

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

**अकोला, 14 जून–** महाराष्ट्र के व्यापार, उद्योग और कृषि क्षेत्र की सबसे प्रभावशाली संस्थाओं में शुमार महाराष्ट्र चेंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर के चुनाव में इस बार विदर्भ ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है.

अकोला के युवा उद्यमी सिद्धार्थ रुहाटिया का विदर्भ उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुनाव हुआ है. विशेष बात यह है कि विदर्भ के सभी 11 जिलों के उपाध्यक्ष भी निर्विरोध चुने गए हैं. इसे चेंबर के इतिहास में विदर्भ के बढ़ते प्रभाव व मजबूत प्रतिनिधित्व के रूप में देखा जा रहा है.

हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में सुमित मालाणी, अमित पडगिलवार, कैलाश खंडेलवाल, पंकज राठी, संतोष मुंदड़ा, दिनेश समादृर, उमेश नरनोलिया, प्रकाश सावजी, राजन ठाकुर, राहुल खराबे, जिनेंद्रकुमार



> इस बार का चुनाव अत्यंत अनुशासित और सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुआ. महाराष्ट्र चेंबर, राज्य के व्यापार, उद्योग और कृषि क्षेत्र की प्रमुख संस्था है, जो शासन और उद्योग जगत के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती है. चेंबर का विदर्भ मुख्यालय जल्द ही अकोला से संचालित करने की योजना है, जिससे क्षेत्र के उद्योग और व्यापार को नई गति मिलेगी.
> **– सिद्धार्थ रुहाटिया, उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र चेंबर**

छाबड़ा, पंकज बाजड़, नंदकिशोर राऊत, पारस कोठारी तथा मुकेश पारेख का शासकीय परिषद सदस्य के रूप में निर्विरोध निर्वाचन हुआ है. वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए करुणाकर शेट्टी और संगीता पाटिल के बीच कड़ा मुकाबला हुआ है. इस चुनाव का परिणाम 15 जून को घोषित किया जाएगा. चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद नव-निर्वाचित पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें राज्य के व्यापार, उद्योग और कृषि क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर रणनीति तय की जाएगी.

**विदर्भ की ताकत का संदेश**

लगातार बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों और व्यापारिक भागीदारी के बीच महाराष्ट्र चेंबर में विदर्भ को मिली यह बड़ी जिम्मेदारी क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है. राजनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भी इस चुनाव परिणाम को महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

# पानपट्टी पर पहली बार एफडीए का छापा

## अन्न व औषधि प्रशासन विभाग के सीधे कार्रवाई

संवाददाता/प्रतिदिन अखबार

**अंजनगांव सुर्जी, 14 जून–** अन्न व औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त तुकाराम मुंढे ने पदभार स्वीकारने के समय से संपूर्ण राज्य में मिलावट करनेवालों और गुटखा विक्रेताओं के खिलाफ मुहिम शुरु कर दी है. इसी पार्श्वभूमि पर नेहरु चौक, अंजनगांव सुर्जी परिसर में स्थित एक पानटपरी पर अन्न व औषधि प्रशासन विभाग ने बडी कार्रवाई की है. इस कार्रवाई में महाराष्ट्र में बिक्री के लिए प्रतिबंधित रहनेवाला सुगंधित तंबाखू व विविध प्रकार की स्वीट सुपारी जब्त की गई.



जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई 11 जून को शाम में स्थानीय नेहरु चौक परिसर में स्थित बजरंग पान मटेरियल नामक दुकान पर की गई है. इस दुकान का चालक जितेंद्र मंडलिक (49) के ताबे से प्रतिबंधित किया हुआ कुल 19 हजार 270 रुपए कीमत का माल जब्त किया. इसमें विविध कंपनियों के सुगंधित तंबाखू तथा स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकनेवाली स्वीट सुपारी का समावेश है. अन्न सुरक्षा अधिकारी घनश्याम दंडे ने दी हुई फिर्याद पर अंजनगांव सुर्जी पुलिस थाना में जितेंद्र मंडलिक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है. जब्त किया हुआ माल पुलिस ने अपने ताबे में लिया है, इस मामले की जांच शुरु है.

# रेत चोरी करते 5 लाख का माल जब्त

**चांदुर बाजार –** चांदुर बाजार पुलिस ने अवैध रूप से काली रेत का परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक टिप्पर सहित कुल 5 लाख 6 हजार रुपये का माल जब्त किया है.यह कार्रवाई सावित्रीबाई फुले स्कूल के पास, हिरुळपूर्णा क्षेत्र में की गई. इस मामले में चालक भावेश प्रमोद जिचकार (24, वरुड) के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है. वहीं,जब्त टिप्पर के मालिक के रूप में गिरधर हरिदास पळसपगार का नाम सामने आया है.

**महिला के सिर पर मारी कुर्सी**

**तिवसा–** शेदुरजना घा. पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत तिवसाघाट में एक 60 वर्षीय महिला शोभा लोनारे से मारपीट की घटना सामने आई. आरोप है कि भीमराव भलावी ने पैसे के विवाद में गाली-गलौज कर थप्पड़-घूंसे मारे और कुर्सी उठाकर सिर व हाथ पर वार किया, जिससे खून बह निकला. महिला को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया.

# मोदी सरकार की 12 वर्ष पूर्ति के उपलक्ष्य में कौंडण्यपुर में महाआरती

संवाददाता/प्रतिदिन अखबार

**कौंडण्यपुर, 114 जून –** भारत के सफल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा अमरावती ग्रामीण की ओर से श्रीक्षेत्र कौंडण्यपुर में महाआरती व विशेष प्रार्थना कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष रविराज देशमुख के नेतृत्व में किया गया. इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के शंतनु देशमुख, सचिन इंगले, संतोष मठिया, अशोक देशमुख, श्रीकांत मांडवे, संतोष साठवणे, गोपी वेरुलकर, उमेश श्रीखंडे, प्रशांत कडू, गिरीश भूतडा, अनिता तिखिले, लिना मोरगडे, वर्षा गाडगे, प्रणिता शिरभाते, कु-हा की सरपंच मिना नायर, ज्योती मोरे, दुर्गा डहाके, विनायक कडू, आशिष दुबे, गणेश बांबल, अनुराग नायर, रणजीत चौधरी, भरत यांगड, शरद तालन, इस्कॉनधाम के जोगेश्वर प्रभु, अर्पित दुबे सहित पदाधिकारी-कार्यकर्ता





## देश की प्रगति के लिये विठ्ठल-रुख्मिणी के चरणों में की प्रार्थना

उपस्थित थे. इस दौरान श्री क्षेत्र कौंडण्यपुर में स्थित विठ्ठल-रुख्मिणी मंदिर का परिसर, वर्धा नदी घाट तथा इस्कॉन मंदिर भक्तिमय वातावरण से गूंजायमान हुआ था. इस प्रसंग पर उपस्थितों ने महाआरती कर देश के उज्वल भविष्य के लिए साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यू तथा अधिक बल मिले इसके लिए भगवान विठ्ठल-माता रुख्मिणी के चरणों में प्रार्थना की. इस कार्यक्रम के दौरान, केंद्र सरकार की बीते 12 वर्षों की विविध जनकल्याणकारी योजनाएं, विकास कार्यों, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, मूलभूत सुविधा विकास, महिला सक्षमीकरण तथा गरीब कल्याण के उपक्रमों का उल्लेख किया गया. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान निर्माण की है. देश विकास की नई उंचाई पर पहुंच रहा है, ऐसी राय उपस्थितों ने व्यक्त की है. भाजपा पदाधिकारियों-कार्यकताओं ने एकजुट होकर राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता तथा विकास की संकल्पना को अधिक मजबूती देने का निर्धार व्यक्त किया. धार्मिक श्रध्दा तथा राष्ट्रभक्ति का संगम रहनेवाले इस कार्यक्रम से परिसर में उत्साह का माहौल निर्माण हुआ था. महाआरती के पश्चात सभी उपस्थितों ने देश की लगातार प्रगति के लिये तथा जनकल्याण के लिए सामूहिक प्रार्थना की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अधिक सक्षम, समृध्द तथा आत्मनिर्भर बनें यही भगवान विठ्ठल के चरणों में प्रार्थना, ऐसा विश्वास उपस्थितों ने व्यक्त किया.

# नाबालिग से फोन पर चैटिंग करना पड़ा महंगा

## समझाने के बावजूद बना रहा था शादी के लिए दबाव

संवाददाता/प्रतिदिन अखबार

**अंजनगांव सुर्जी.** अंजनगांव सूर्जी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से लगातार संपर्क करने, व्हॉट्सऐप पर बातचीत करने और शादी का दबाव बनाते हुए पीछा करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. मामले में पॉक्सो सहित संबंधित धाराओं के तहत जांच शुरू कर दी गई है.

शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बताया कि वह घर पर मौजूद थीं. तभी उन्होंने अपनी बेटी को मोबाइल फोन पर बात करते देखा. पूछताछ करने पर बेटी ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाला एक युवक उससे फोन पर बात करता है और व्हॉट्सऐप पर लगातार चैटिंग करता है. शिकायत के अनुसार आरोपी युवती से कहता था कि वह उसे पसंद करता है तथा उससे शादी करना चाहता है. साथ ही वह उसका पीछा भी करता था. यह जानकारी मिलने के बाद महिला ने पति को पूरे मामले की जानकारी दी. परिवार ने पहले स्वयं समझाने का प्रयास किया.युवक का व्यवहार जारी रहने के कारण पुलिस में शिकायत दी गई. पुलिस ने मो.शहीद मो. इस्त्राईल (25) के खिलाफ विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया है.

# हिंदू श्मशान रोड पर चाकू से किए सपासप वार

## पुराने विवाद को लेकर वारदात को दिया अंजाम

प्रतिनिधि/प्रतिनिधि अखबार

**अमरावती.** शहर के राजापेठ थाना क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है. गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उसका इलाज जारी है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश करने के तहत मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में दिया गया.

जानकारी के अनुसार यह घटना शनिवार, 13 जून को दोपहर करीब 2 बजे के करीब हिंदू श्मशान रोड पर कोल्हटकर कॉलोनी के सामने स्थित गार्डन के पास में हुई. इस मामले में शिकायतकर्ता सागर पुंडलिक लांडगे (36, देशपांडेवाड़ी) हैं. शिकायतकर्ता के अनुसार वह घर पर मौजूद थे तभी उनके यहां काम करने वाली महिला ने आकर जानकारी दी कि उनके भाई श्रीकांत जगदाळे (45) हिंदू श्मशानभूमि रोड पर घायल अवस्था में पड़े हैं और उनके शरीर से खून बह रहा है. सूचना



मिलने के बाद शिकायतकर्ता अपने चाचा के साथ मौके पर पहुंचे. वहां श्रीकांत जगदाळे के पैर, हाथ और पीठ से खून बहता दिखाई दिया. परिजनों ने तत्काल घायल की मदद करते हुए कपड़े से जख्म बांधे और रास्ते से गुजर रही एक कार की सहायता से उन्हें उपचार के लिए इर्विन अस्पताल पहुंचाया. घटना की जानकारी मिलती ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची. राजापेठ पुलिस ने शिकायत के आधार पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है. यह कारवाई पुलिस निरीक्षक संदीप चौहान के नेतृत्व में की गई है.

**पुराने विवाद के चलते किया हमला**

जानकारी के अनुसार इस मामले में गंभीर रूप से घायल कुछ प्रतिशत मानसिक रोगी है. जानकारी के अनुसार दो से चार दिन पहले घायल श्रीकांत जगदाळे ने कुरवाने परिवार के 6 साल के बच्चे का जोर से गला दबाया था. जिसके निशान अभी भी उसके गले पर है. तब विवाद हुआ था लेकिन मामला कुछ देर बाद शांत हो गया. इस विवाद को लेकर उस बच्चे के बड़े भाई आरोपी ने घायल को गार्डन में बुलाकरअपने दो दोस्तों के साथ मिलकर श्रीकांत जगदाळे पर चाकू से 6 वार कर और जान से मारने की कोशिश की.

# अगस्त में बदलेगी टिकट आरक्षण प्रणाली

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

**अकोला, 14 जून -** रेलवे ने देश के करोडों यात्रियों के लिए टिकट आरक्षण प्रणाली में बडा बदलाव करने का फैसला किया है. आईआरसीटीसी से ट्रेन टिकट बुक करने वाले यात्रियों को खासकर तुरंत टिकट बुकिंग के दौरान होने वाली दिक्कतों से राहत मिलेगी. भारतीय रेलवे अगस्त 2026 से एक नई और आधुनिक आरक्षण प्रक्रिया लागू करेगा, जिससे टिकट बुकिंग तेज, आसान और अधिक भरोसेमंद होने की उम्मीद है.

रेलवे प्रशासन के अनुसार यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण मौजूदा आरक्षण प्रणाली पर बहुत ज्यादा दबाव है. हर दिन लाखों यात्री ऑनलाइन टिकट बुक करते हैं. त्योहारों, छुट्टियों या खास मौके के दौरान यह संख्या कई गुना बढ जाती है. इस वजह से अक्सर वेबसाइट की स्पीड धीमी हो जाती है या टिकट बुकिंग प्रक्रिया में रुकावटें आती है. हालांकि नई प्रणाली इन दिक्कतों को काफी हद तक दूर कर पाएगी. भारतीय रेलवे को विश्व के सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क में से एक माना जाता है.

पिछले कई सालों से चल रही मौजूदा आरक्षणा प्रणाली, बढते डिजिटल इस्तेमाल और यात्रियों की संख्या के साथ नाकाम साबित हो रही थी. इसलिए आधुनिक तकनीक पर आधारित एक नया सिस्टम बनाया गया है. रेलवे प्रशासन के अनुसार इस अपग्रेड से टिकट बुकिंग की गति तेजी सर्वर पर लोड कम होगा और वेबसाइट और मोबाइल ऐप का इस्तेमाल सरल हो जाएगा. इससे यात्रियों को तत्काल टिकट बुकिंग के दौरान ज्यादा लाभ मिलेगा, ऐसी उम्मीद जताई गई है.

बुकिंग होगी आसान- रेलवे की तत्काल टिकट सेवा सबसे प्रसिद्ध सेवाओं में से एक है. हर दिन लाखों यात्री कुछ ही मिनटों में लिमिटेड सीटों के लिए टिकट लेने का प्रयास करते है. उम्मीद है कि नई प्रणाली से तत्काल बुकिंग प्रक्रिया तेज हो जाएगी. इससे यात्री और सर्वर स्लो होने की दिक्कतें भी कम समय में टिकट बुक कर पाएंगे काफी हद तक कम हो सकती है.



**अनेक शिकायतें हैंडल करने की क्षमता**

नई आरक्षण प्रणाली की सबसे बडी खासियत इसकी बढी हुई क्षमता है. सूत्रों के अनुसार नया प्लेटफॉर्म पहले के मुकाबले एक बार में कई गुना अधिक टिकट रिक्वेस्ट हैंडल कर पाएगा. भीडभाड में या तत्काल बुकिंग के दौरान टिकट लेने की कोशिश करने वाले यात्रियों के लिए यह एक बडी राहत होगी. अभी अधिक भीड के कारण वेबसाइट पर दिक्कतें आ रही है. जबकि नई प्रणाली को ऐसी स्थितियों को असरदार तरीके से हैंडल करने के लिए डिजाइन किया गया है.